# जनपद गाजीपुर एवं बलिया की भ्रमण आख्या 09–11 मई, 2022

भ्रमण सदस्य –

1. डा0 मनोज कुमार शुक्ल, महाप्रबन्धक, नियमित टीकाकरण, एन.एच.एम.।
2. अरुण कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, एन.यू.एच.एम.।

**जनपद गाजीपुर –**

टीकाकरण सत्र स्थल – प्राथमिक विद्यालय, इस्माइलपुर ब्लाक – मोहम्दाबाद, नई बस्ती, हैदरगंज ब्लाक – मरदह, नसीरपुर, भडसर ब्लाक – बिरनो, कोल्ड चेन प्वांइट – मोहम्दाबाद, बिरनों एवं जनपदीय कोल्डचेन प्वांइट गाजीपुर।

1. कोल्ड चेन प्वाइंट पर उचित प्रकाश का प्रबन्ध नही पाया गया।
2. आई एल आर की लागबुक में एडवांस में सुबह के समय ही सायकालीन तापमान अंकित पाया गया।
3. 01 डीपफ्रीजर कन्डम किये जाने योग्य रखा हुआ था।
4. वैक्सीन कैरियर के अन्दर ड्रापर को भेजा जा रहा है।
5. वैक्सीन जीपर बैग की जगह नार्मल पालीथिन बैग में रखकर कर सत्र स्थल पर भेजी जा रही है।
6. बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण मानकानुसार नही किया जा रहा है।
7. एम.सी.पी. कार्ड पर आर.सी.एच. नम्बर एवं फोन नं दर्ज नही किया जा रहा है।
8. तैयार की गयी ड्यू लिस्ट एवं वास्तविक लाभार्थियों की संख्या में काफी अन्तर पाया गया। सत्र स्थल पर वास्तविक लाभार्थियों की संख्या ड्यू लिस्ट से अधिक पायी गयी।
9. आयरन एवं कैल्शियम की डोज लाभार्थियों को कितनी दी जानी है इसकी जानकारी ए.एन.एम./इन्जार्च को नही थी।
10. ए.एन.एम. के द्वारा काउन्टर फाइल पूर्ण नही की जा रही थी।
11. एएनएम के द्वारा सत्र स्थल पर टैबलेट भी नही लाया गया था।
12. आई एफ ए टैबलेट पर्याप्त मात्रा में सत्र स्थल पर उपलब्ध नही पायी गयी।
13. लाल, पीली और काली पालिथिन सत्र स्थल पर उपलब्ध नही पायी गयी।
14. सत्र स्थल पर वैक्सीन कैरियर में रखे गये आइस पैक पिघले पाये गये और आइस पैक के अन्दर पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता भी नही पायी गयी।
15. नई बस्ती हैदरगढ में टी सिरिज की वैक्सीन आइस पैक पर रखी हुई थी।
16. नई बस्ती हैदरगढ में 02 ड्यू लिस्ट के अनुसार केवल 02 बच्चों को जे.ई. लगनी थी परन्तु सत्र स्थल पर 14 डोज जे.ई. की भेजी गयी थी।
17. डेक्स्ट्रोज मोनोहाइड्रेड (ग्लूकोज) सत्र स्थल पर उपलब्ध था, परन्तु उसके उपयोग की जानकारी ए.एन.एम./सुपरवाइजर/अधीक्षक किसी को भी स्पष्ट नही थी।

Scanned by CamScanner

18. एल्बेन्डाजोल सत्र स्थल पर उपलब्ध नही थी।
19. **नई बस्ती हैदरगढ में विटीमीन ए (फरवरी, 22) एवं निरोध (दिसम्बर, 20) के कालातीत पाये गये तथा एक्सपायर्ड विटामिन ए को उपयोग में लाया जा रहा था।**
20. ए.वी.डी. के द्वारा सत्र स्थल तक वैक्सीन कैरियर उपलब्ध नही कराया जा रहा है, जिससे वितरण प्रभावित हो रहा है।
21. जनपद स्तरीय कोल्ड चेन प्वाइंट पर ब्लाकों से इन्डेंट प्राप्त करने का कोई सिस्टम नही बनाया गया है।
22. संज्ञान में आया कि नये उपकेन्द्र हेतु क्षेत्रीय विभाजन नही किया है।

उपरोक्त के कम में कार्यवाहक मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में सायंकालीन बैठक आयोजित की गयी। जिसके माध्यम से समस्त ब्लाकों के अधीक्षक को फीडबैक से अवगत कराते हुये कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु क्षमतावर्धन करते हुये आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

**जनपद – बलिया**

टीकाकरण सत्र स्थल – पूर्वी सिलहटा ब्लाक रसडा, बस्ती–सवरुपुर ब्लाक रसडा, चोकरी ब्लाक चिलकहर, महमूदपुर ब्लाक चिलकहर, परीवा ब्लाक गडवार, कोल्ड चेन प्वांइट – रसडा, चिलकहर एवं जनपदीय कोल्ड चेन प्वांइट बलिया

1. टी–सिरिज की वैक्सीन आई.ई.एस. पैक पर रखी हुई पायी गयी।
2. कौन सी वैक्सीन आई.ई.एस. पैक पर नही रखनी है इसकी जानकारी ए.एन.एम. को नही थी।
3. सत्र स्थल माइक्रोप्लान के अनुसार नही लगा था।
4. टैलीशीट पूर्ण नही पायी गयी।
5. एमसीपी कार्ड पूर्ण नही भरा जा रहा है।
6. 4 एएनसी जॉचें नही की जा रही है।
7. काउन्टर फाइल नही बनायी/अपडेट की जा रही थी।
8. आईएफए एवं कैल्शियम की डोज कितनी देनी है इसकी सही जानकारी मेडिकल इन्चार्ज एवं एएनएम को नही थी।
9. आईएफए/कैल्शियम की डिमाण्ड हेतु डीवीडीएमएस पोर्टल का उपयोग नही किया जा रहा था।
10. सत्र स्थल पर वैक्सीन कैरियर में ड्रापर भेजा रहा था।
11. ड्यू लिस्ट एवं एच.आर.पी. रजिस्टर भ्रमण से 01 दिवस पूर्व आशा एवं ए.एन.एम. को उपलब्ध कराया गया था।
12. आई.पी.वी. सत्र स्थल पूर्वी सिलहटा में उपलब्ध नही थी।
13. एनीमिया के विषय में स्पष्ट जानकारी मेडिकल इन्चार्ज एवं एएनएम को नही थी।
14. हिमोग्लोबिन कैसे चेक करना है इसकी जानकारी ए.एन.एम. को नही थी।
15. सिफलिस एवं एच.आई.वी. किट सत्र स्थल पर उपलब्ध थी, परन्तु इसके उपयोग की जानकारी ए.एन.एम. को नही थी। **सिफलिस किट हेतु कोल्ड चेन मेन्टेन नही की जा रही है।**
16. **Fake Vaccination** - सत्र स्थल बस्ती सवरुपुर में 04 बच्चों को रोटा की डोज दी गयी थी परन्तु टैलीशीट में 08 बच्चों को दिखाया गया था।

Scanned by CamScanner

17. कोल्ड चेन प्वांइट रसडा में पी.सी.वी. एवं जे.ई. के भौतिक स्टाक एवं रजिस्टर में दर्ज स्टाक में भिन्नता पायी गयी।

   a. PCV - evin – 1790, Physical – 1960, Manual Record – 1790
   b. JE- evin – 1035, Physical – 1230, Manual Record – 1035

18. ब्लाक रसडा में पीसीवी का वेसटेज 86 प्रतिशत निगेटिव पाया गया।

अन्य बिन्दु –

1. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर कशेरुआ ब्लाक हनुमानगंज के भ्रमण के दौरान संज्ञान में आया कि –
   a. सी.एच.ओ. को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर न लगाते हुये पी.एच.सी./सी.एच.सी. पर बुलाकर कार्य लिया जा रहा है।
   b. सी.एच.ओ. के ओ.पी.डी. के रिकार्ड को आशा के द्वारा भरा जा रहा है।
   c. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर कालातीत औषधियां पायी गयी।
   d. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर बिजली एवं पानी की व्यवस्था नही है।
   e. सी.एच.ओ. के द्वारा ई–सजीवनी पोर्टल पर 02 से 03 मरीजों को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर से अन्यत्र बैठकर दर्ज किया जा रहा है।
2. आई.एम.आई. सत्र के दौरान जनपद के अधीक्षकों/बी.पी.एम./बी.सी.पी.एम. किसी के द्वारा कोई भी सत्र नही देखा गया है।

उपरोक्त के कम में मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में सायकालीन बैठक आयोजित की गयी। जिसके माध्यम से समस्त ब्लाकों के अधीक्षक को अवगत कराते हुये कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

अरुण कुमार श्रीवास्तव
कार्यक्रम समन्वयक, एनयूएचएम
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

डा0 मनोज कुमार शुक्ल
महाप्रबन्धक, नियमित टीकाकरण
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

Scanned by CamScanner